दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 12/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा, सेक्युलर ने झारखंड विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है। पार्टी के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रांची में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए सीटों की पहचान कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय करने के लिए पार्टी के अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में एक बैठक होगी। केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन सरकार से नाराज है।

————————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में चौदह सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामलों का निपटारा किया जायेगा। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली बिल विवाद, टेलीफोन बिल विवाद, वाहन दुर्घटना बीमा, श्रम वाद, नीलाम पत्र वाद और पारिवारिक मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर होगा।

————————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज ब्रजेश मेहरोत्रा और प्रकाश कुमार को राज्य के नये सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में श्री आर्लेकर ने दोनों नये सूचना आयुक्त को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

————————————————————————————

राज्य में उनतीस अक्टूबर से मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने कहा कि इस दौरान अभियान चलाकर मतदाताओं के दावे और आपत्ति प्राप्त किए जायेंगे। साथ ही एक जनवरी, दो हजार पच्चीस तक अठारह वर्ष की उम्र पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जायेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अगले वर्ष छह जनवरी को होगा।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सारण जिले के मढ़ौरा में बीस से अधिक योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने छपरा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज छात्रावास परिसर में नवनिर्मित तीन–तीन सौ क्षमता के दो छात्रावासों का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थित सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस का लोकार्पण किया।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण पूर्व हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी है। सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में सबसे अधिक निन्यानवे दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर में इक्यानवे दशमलव चार और दरभंगा के हाया घाट में सतहत्तर दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश की सम्भावना है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अंठानवे नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक चौवालीस नये मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार दो सौ अट्ठाईस मामले सामने आ चुके हैं।

———————————————————————

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के कार्यान्वयन में बक्सर जिले को राज्यभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने यह जानकारी दी।

———————————————————————

नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जाँच चौकी के पास पुलिस ने एक यात्री बस से दो तस्करों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के कुआरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत भारत–नेपाल सीमा से पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र अन्तर्गत बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक कंटेनर से भारी मात्रा में शराब जब्त की। मौके से कंटेनर के ड्राईवर को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।